## खबर संक्षेप

### 5 दिन से लापता युवती की मिली लाश

**शहडोल।** जिले में 05 दिन से लापता युवती का शव संदिग्ध अवस्था में सोन नदी में उतरता हुआ मिला है। युवती ब्यौहारी में रहकर मास्टर ट्रेनर का कार्य करती थी। 5 दिन से वह घर से अचानक लापता हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने ब्यौहारी थाना में केस दर्ज कराया था। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। 05 दिन बाद युवती का शव देवलौंद थाना क्षेत्र के चचाई गांव में स्थित सोन नदी में मिला है। थाना प्रभारी डी.के.दहिया ने बताया कि मवेशी चरा रहे एक व्यक्ति ने नदी के किनारे शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया गया और पहचान के प्रयास शुरू किए। कुछ घंटे बाद युवती की पहचान रीना द्विवेदी जिला उमरिया थाना पाली के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि रीना ब्यौहारी में रहकर मास्टर ट्रेनर का कार्य करती थी, बीते दिनों वह लापता हो गई थी, परिजनों की शिकायत पर उसकी तलाश की जा रही थी। चचाई गांव में स्थित सोन नदी में उसका शव मिला है। परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या कर उसके शव नदी में फेंका गया है, पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में जुटी है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से गई थी युवक की जान

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी के पपरेड़ी में बीते दिनों बिजली विभाग की लापरवाही से 29 साल के युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच कर बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया है। युवक अपने खेत से वापस घर लौट रहा था, इस दौरान वह नीचे झूल रहे 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में आया गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने घटना के बाद बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए प्रदर्शन किया था, ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में गांव के प्रभारी बिजली विभाग के कर्मचारियों को मामले की जानकारी दी थी कि बिजली का तार खेत में नीचे झूल रहा है। इससे कोई बड़ा हादसा न हो जाए, इसलिए इसे जल्द सही कराया जाए। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, जिसे पपरेड़ी गांव में रहने राम प्रभु वैश्य की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि घटना 22 जून की है, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो, उसमें सामने आया कि बिजली विभाग के कर्मचारी तरुण सिंह की लापरवाही की वजह से युवक की जान गई है। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी तरुण के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### विभाग की लापवाही से गई जान, दर्ज हुआ अपराध

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी के पपरेड़ी में बीते दिनों बिजली विभाग की लापरवाही से 29 साल के युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच कर बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया है। युवक अपने खेत से वापस घर लौट रहा था, इस दौरान वह नीचे झूल रहे 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में आया गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने घटना के बाद बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए प्रदर्शन किया था, ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में गांव के प्रभारी बिजली विभाग के कर्मचारियों को मामले की जानकारी दी थी कि बिजली का तार खेत में नीचे झूल रहा है। इससे कोई बड़ा हादसा न हो जाए, इसलिए इसे जल्द सही कराया जाए। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, जिसे पपरेड़ी गांव में रहने राम प्रभु वैश्य की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि घटना 22 जून की है, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो, उसमें सामने आया कि बिजली विभाग के कर्मचारी तरुण सिंह की लापरवाही की वजह से युवक की जान गई है। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी तरुण के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# एसडीएम की जानकारी बिना भुगतान संभव नहीं: महाप्रबंधक

## डिजिटल सिग्रेचर का नहीं हुआ दुरुपयोग, 7 के मुआवजे की हुई थी कार्रवाई

**नेशनल हाइवे 43 के लिए अधिग्रहित भूमियों के मुआवजे का पिछले 7 वर्षो से आवंटन हो रहा है और हर बार धांधली होने की आवाज सुनाई देती है, लेकिन आज तक इस मामले में कोई ठोस जांच पड़ताल नहीं हुई और न प्रशासन ने इस ओर कोई चौकसी बरती है। हाल ही में उमरिया के भगड़ा स्थित कुछ भूमियों के मुआवजे को लेकर मामला फिर सुर्खियों में आया और करीब साढ़े चार करोड़ के भुगतान पर उंगली उठाई गई।**




शहडोल/उमरिया।

जिसके लिए एसडीएम बांधवगढ़ मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। लेकिन बांधव गढ़ एसडीएम सुश्री रीता डहेरिया ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कह दिया कि भुगतान उनके डिजिटल सिग्रेचर का दुरुपयोग करते हुए किया गया, उन्हे भुगतान की कोई जानकारी नहीं है। इस पर सडक़ निर्माता एजेंसी एमपीआरडीसी के संभागीय महाप्रबंधक ने सहायक महाप्रबंधक से जानकारी एकत्र करने के बाद एसडीएम को पत्र जारी कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है और भुगतान के लिए उन्हे जिम्मेदार माना है।

### भ्रामक जवाब दे रहीं एसडीएम

महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया है कि डिजिटल सिग्रेचर एसडीएम के पास ही संधारित रहता है एवं उनके द्वारा ही उपयोग किया जा सकता है। चूंकि एसडीएम बांधवगढ़ को भूमि राशि पोर्टल से जानकारी होती है, इसलिए उनके द्वारा पुनः उनके कम्प्यूटर आपरेटर गणेश व दादूराम को पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सिग्रेचर के एनरोल एवं भुगतान की प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु कहा गया। इसके बाद एसडीएम सुश्री रीता डहेरिया के समक्ष ही उनके अधीनस्थों को प्रक्रिया से अवगत कराया गया। एवं डिजिटल सिग्रेचर को एनरोल करने की कार्रवाई उनके अधीनस्थ कंप्यूटर आपरेटर के समक्ष की गई और संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। एसडीएम का यह कथन पूर्णतः असत्य एवं तथ्यों से परे है कि भूअर्जन अधिकारी बांधवगढ़ की जीमेले आईडी एवं पासवर्ड अधोहस्हताक्षरकर्ता के पस पूर्व से ही है। उनके समक्ष उनके कार्यालय में ही उनके कंप्यूटर आपरेटर द्वारा कम्प्यूटर में लागिन जीमेल आईडी पर आई ओटीपी बताने पर भूमिराशि पोर्टल पर दर्ज की गई है।

### 7 भूस्वामियों के लिए हुआ आदेश

एसडीएम बांधवगढ़ द्वारा ही कुल 7 भू स्वामियों के भुगतान हेतु 6 अप्रेल को डिजिटल सिग्रेचर लगाकर अग्रिम कार्रवाई की गई। अतः यह कथन समझ से परे है कि उन्हे डिजिटल सिग्रेचर के उपयोग की जानकारी नहीं थी। क्योंकि उनकी अनुमति के बिना न तो उनके कार्यालय के अधीनस्थों एवं न ही एमपीआरडीसी के अधिकारी द्वारा डिजिटल सिग्रेचर का उपयोग किया जा सकता है। 7 भूस्वामियों के बैंक खाते में भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से 17 अप्रेल को भुगतान हुआ है। इस भुगतान में डेढ़ माह का समय बीत गया। यदि एसडीएम द्वारा इस बीच यह जानकारी एमपीआरडीसी को दी जाती कि उनको यह नहीं मालुम कि डिजिटल सिग्रेचर से भुगतान की कार्रवाई उनके या उनके कार्यालय द्वारा की गई है तो भुगतान की कार्रवाई रोक दी जाती।

### हाथ खड़े कर रहे अधिकारी

बताया गया कि एमपीआरडीसी कंसलटेंट फील्ड इंजीनियर से भी स्पष्टीकरण मागा गया था, उन्होने जो जानकारी दी वह भी इसी तरह की है। एमपीआरडीसी द्वारा सीमित मैनपावर व संसाधनों के साथ कार्य कराया जाता है। जिसमें संभाग कंसलटेंट के स्टाफ से भू अर्जन व अन्य कार्यों में सहयोग लिया जाता है। ऐसे लगाए गए आरोपों के उपरांत विभिन्न मार्गों में प्रचलित भूअर्जन व अन्य कार्यों में कंसलटेंट स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान करने में असमर्थता जताई जा रही है। जिससे कार्य में परेशानियां व बाधाएं आ सकतीं हैं।

### मुआवजा भुगतान की जांच हो

यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है और इसके साथ ही पुराने मामले भी उघड़ते जा रहे हैं। वास्तव में जरूरी तो यह है कि सात वर्षों के अंतराल में इस मार्ग निर्माण के लिए जितने भी मुआवजे निर्धारित किए गए उन सबकी गहन छानबीन हो और दोषी पाए जाने पर राशि की रिकवरी सहित आपराधिक प्रकरण के तहत जेल भेजने की कार्रवाई की जानी चाहिए। तभी ऐसे घोटालों पर अंकुश लग सकेगा। एक ओर उमरिया में मुआवजा की राशि विवादों को अंजाम दे रही है और दूसरी ओर इसी हाइवे का शहडोल कोना आज तक अपूर्ण पड़ा है। जब तक प्रशासन कड़े कदम नहीं उठाएगा तब तक अव्यवस्थाएं बनी रहेंगी।



# जंगली सुअर के शिकारियों को भेजा गया जेल

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पी.के. वर्मा के निर्देशन में परिक्षेत्र अधिकारी पतौर अर्पित मैराल वनक्षेत्रपाल द्वारा अपनी टीम के साथ पतौर गांव में अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्यवाही की गई और जंगली सूअर के शिकारियों पतौर निवासी राम मिलन बैगा, राजन बैगा और पांडू बैगा को जंगली सूअर के कच्चे तथा पके मांस के साथ पकड़ा गया। तीनों आरोपियों ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पतौर रेंज अंतर्गत पतौर डी-बीट के कक्ष आरएफ 390 के झमकनिया नाले में घुसकर जंगली सूअर के बच्चे का मांस खाने के उद्देश्य से शिकार किया था। प्रकरण दर्ज करने के पश्चात तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके 30 जून को उमरिया जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी पतौर अर्पित मैराल, परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर मुकेश अहिरवार, परिक्षेत्र सहायक संतोष कुमार चतुर्वेदी, परिक्षेत्र सहायक धमोखर नरेन्द्र सिंह, वनरक्षक कमलेश नंदा, रज्जू पेन्द्रे, कैलाश बैगा, विक्रम सिकरवार आदि का विशेष योगदान रहा।

# महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान में शामिल हुए पार्षद

शहडोल।

महिला सशक्तिकरण से संबंधित महिला केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विगत 29 जून को 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत वार्ड नंबर 19 एवं 20 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन (एच.डब्ल्यू.ई.) अभियान 21 जून से 04 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। पार्षद सिल्लू रजक की उपस्थिति में वार्ड नंबर 19 के आंगनबाड़ी केंद्र, घरौला मोहल्ला में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिकाओं को शिक्षा तथा उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी के संबंध में बताया गया। पार्षद ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक अभिशाप है, इसे रोकना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत भ्रूण के लिंग निर्धारण के लिए प्रसवपूर्व निदान तकनीकी पर रोक लगाना आवश्यक है। जो व्यक्ति ऐसा करता है उससे मिलने वाली कानूनी सजा के बारे में भी बताया गया।




अभियान के अंतर्गत जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेंटर प्रशासक/सहायक संचालक के द्वारा वन स्टाप सेंटर में दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। टोल फ्री नंबर 181, महिला हेल्पलाइन तथा 1098 चाइल्डलाइन की जानकारियां वहां पर उपस्थित बालिकाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को दी गई।

इस जागरूकता अभियान हेतु वार्ड नंबर 20 में भी कार्यक्रम आयोजित कर समस्त जानकारी दी गई। पार्षद सिल्लू रजक ने कहा कि आज के दौर में महिला सशक्तिकरण की नितांत आवश्यकता है। जिससे महिला स्वयं जागरुक होकर समाज में अपना विशेष स्थान बना सके तथा सभी से आग्रह किया कि इस 100 दिवसीय अभियान में अपनी भागीदारी निभायें।

कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन में वार्ड नंबर 19 के पार्षद सिल्लू रजक, वार्ड नंबर 20 के पार्षद अनमोल वर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती कल्याणी वाजपेई का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मनोज लारोकार (जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग), श्रीमती संजीता भगत (प्रशासक/सहायक संचालक-वन स्टाप सेंटर), श्रीमती सपना पाण्डेय, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती भानुप्रिया एवं श्री कुंदन विश्वकर्मा उपस्थित रहें।



# सेवानिवृत्त शिक्षिका को नम आखों से दी गई विदाई

## फूल-माला और अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

उमरिया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक घुनघुटी में सेवानिवृत्त शिक्षिका को विदाई दी गई, परिवार उनके कार्यो को सदा याद रखेगा, उनकी कुशल कार्य क्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है, ये सेवानिवृत्त जरूर हुई हैं, लेकिन सेवा की दायित्व से नहीं इनके मार्गदर्शन की हमें अपेक्षा रहेगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुनघुटी की शिक्षिका सुमन तिवारी और गौरैया हाईस्कूल की प्राचार्य सरिता जैन ने शनिवार को घुनघुटी विद्यालय प्रांगण में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती रजनी मरावी के विदाई समारोह को प्रभा रैकवार द्वारा संबोधित कर रही, घुनघुटी विद्यालय की शिक्षक-शिक्षकों ने उन्हें भाव भीनी विदाई दी। सभी ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सेवानिवृत्त शिक्षिका को पुष्पमाला पहनाकर उनके सेवाकाल की चर्चा की सेवानिवृत हुई , शिक्षिका रजनी मरावी को सम्मानित किया गया, इस मौके पर मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी राणा प्रताप सिंह ने कहा की सेवानिवृत एक सरकारी प्रक्रिया है, जो सभी सरकारी कर्मियों के साथ लागू होती है, परंतु इसके साथ जितने दिन भी कार्य किया बहुत कुछ इनसे सीखने का मौका मिला, सेवानिवृत श्रीमती रजनी मरावी ने कहा कि मेरा स्कूलों में बच्चों से शिक्षा के प्रति व खेलकूद के प्रति और स्काउट गाइड के प्रति बच्चों से मेरा भारी लगाव था और आज भी है, मैंने जो कुछ भी किया अपने माता-पिता के दम पर किया, संसार पर अगर जन्म लिए हो तो, माता पिता- का आशीर्वाद है, जो हम ऐसे पथ पर पहुंचे हैं और आज हमें गर्व है उन पर जो हमें अपना आशीर्वाद देकर इस लायक बनाएं हैं, जबकि कई सालों तक घुनघुटी विद्यालय में रहकर बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने का काम की हूं उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों पर चलकर इस मुकाम तक पहुंची हूं मेरी सेवानिवृत होने से सभी की आंखें नम हो गई है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुनघुटी सेवानिवृत्त स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी राणा प्रताप सिंह, शा.उ.मा.घुनघुटी प्रभारी नरेंद्र कुमार सोनी, गौरैया हाई स्कूल की प्राचार्य सरिता जैन, सलैया प्रभारी आर.के.नीरज, पाली स्कूल प्रभारी महेंद्र मिश्रा, शिक्षक शिक्षिका सुमन तिवारी, प्रभा रैकवार, सविता कोरी, उर्वशी सिंह बघेल, वसीम खान, घुनघुटी जन शिक्षक गोविंद शिवहरे, सनत मिश्रा, जनप्रतिनिधि अभय शिवहरे, दीनदयाल बाबू कंप्यूटर ऑपरेटर, स्कूल के भृत्य सुखलाल केवट सहित समस्त अतिथि शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# एसईसीएल मुख्यालय से 15 सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गयी

शहडोल।

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 15 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर प्रशासनिक भवन स्थित सभा कक्ष में 29 जून को उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की मौजूदगी में अरूण कुमार नाथ महाप्रबंधक (सिविल/सीएसआर), इन्द्रजीत सिंह ढिल्लन मुख्य प्रबंधक (खनन) सुरक्षा एवं बचाव विभाग, रतन लाल प्रसाद वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) यूजी विभाग, देबाशीष सिन्हा अधिशासी अभियंता (सिविल) सिविल विभाग, शान्तनु मुखोपाध्याय लेखापाल ए-1 वित्त विभाग, एस. रमेश कार्यालय अधीक्षक ए-1 सतर्कता विभाग, श्रीमती नमिता दीक्षित सिनीयर डीईओ वित्त विभाग, श्रीमती संगीता राय लेखापाल वित्त विभाग, श्रीमती वहीदा मुस्ताक कार्यालय अधीक्षक ए-1 सामग्री प्रबंधन विभाग, सुश्री शेख शमीम बानो कार्यालय अधीक्षक अधिकारी स्थापना विभाग, श्रीमती विजया सेनगुप्ता कार्यालय अधीक्षक ए-1, श्री जयप्रकाश बाजपेयी पर्यवेक्षक दूरभाष ग्रेड ए-1, श्री अजय कुमार महाजन फोरमेन इन्चार्ज नगर प्रशासन विभाग, राधेश्याम साहू सुरक्षा निरीक्षक सुरक्षा विभाग, बुधराम कुक इंदिरा विहार गेस्ट हाऊस की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।

इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के इस मुकाम पर पहुँची है। सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने ज्ञान व अनुभव से सदैव कम्पनी को लाभान्वित किया तथा अपने कार्यस्थल में स्वस्थ्य एवं निष्पक्ष कार्यदशाएँ कायम कर आपसी सामंजस्य एवं सहयोग से कार्य सम्पादित किया। अंत में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एसईसीएल की उत्कृष्ट कार्य संस्कृति है, यहां के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उदघोषणा का दायित्व प्रबंधक (कार्मिक / औद्योगिक संबंध) श्रीमती हर्षा श्रोती ने निभाया।



### ठेकेदार की पैकारी को खुला संरक्षण

# गांव-गांव हो रही पैकारी, मेहरबान हुआ विभाग

### जयसिंहनगर क्षेत्र में बगैर लायसेंस चल रहे दर्जनों अवैध शराब ठीहे

*शराब ठेकेदार के पास नगर में दुकान चलाने का ठेका है, वह गांव-गांव शराब के पैकारी करा रहा है और घर-घर शराब पहुंच रही है। वाहन पर शराब की खेप को लादकर ले जाया जाता है और फिर शुरू होती है इसकी सप्लाई। ठेका लेने के बाद अपने लोगों के माध्यम से आस-पास के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी शराब की सप्लाई दी जाती है, जहां किसी भी तरह का शराब संबंधी कोई ठेका नहीं है।*

शहडोल




शराब दुकानों के ठेकेदार चंद पैसों के लिए शासन द्वारा बनाए गए सभी नियम कायदों को ताक पर रख देते हैं, कुछ इसी तरह की मनमानी जयसिंहनगर मुख्यालय स्थित शराब दुकान में देखी जा सकती है। शराब दुकान से न सिर्फ महंगे दाम पर शराब बेची जा रही है, बल्कि उपभोक्ताओं की जेब पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है। महंगे दाम में शराब बेचने के अलावा दुकान संचालक द्वारा जयसिंहनगर से लगे कनाड़ी, करकी, टेटका, बनसुकली, कौआसरई, कुबरा, कौआ सरई के लगभग ढ़ाबों सहित आस-पास के अंचल में अंग्रेजी शराब की बिक्री ऑफ रिकार्ड करवाई जा रही है।

#### आंकड़े पूरा कर रही वर्दीधारी

शराब कारोबारी द्वारा निर्धारित दुकान से शराब की सीमित बिक्री के चलते गांव-गांव अवैध पैकारियां चलाने वालो को उधार हाल और गांव तक शराब स्कूटी व अन्य गाडियों के माध्यम से बेचने की सुविधा दे दी है। हालांकि आबकारी विभाग और पुलिस को सब पता है कि किस-किस गांव मे कौन-कौन अवैध शराब बेचने के धंधे मे लगा है। बावजूद इसके उन पर नही बल्कि अन्य किसी के द्वारा अवैध बिक्री किये जाने पर कार्यवाही की जाती है, दूसरी ओर थाना में लगभग प्रतिदिन आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम तो हो रहे हैं, जिससे पुलिस के रिकार्ड मे कार्यवाही के आंकड़े तो पूरे हो रहे हैं, लेकिन वास्तविकता में अवैध शराब बिक्री रोकने का मकसद पूरा नही हो पा रहा है।

#### बिना मशक्कत मिल रही अंग्रेजी शराब

जयसिंहनगर के आस-पास के 80 फीसदी गांवों में शराब ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से बिना रोक-टोक अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। शराब ठेकेदार बाकायदा अपने खास लोगों के घर तक शराब पहुंचाने के लिये स्कूटी व बोलेरो की सुविधा कर रखी है, जब जिसकों जिस जगह पर शराब चाहिए, स्थानीय कुछ खास लोगों के द्वारा वहां तक पहुंचा दिया जाता है। गांवों की स्थिति यह है कि गांव वालों को पानी की तलाश में मीलों भटकना पड़ता है, लेकिन मदिरा प्रेमी को गाँव में ही बिना मशक्कत किये अंग्रेजी शराब उपलब्ध हो जाती है।

#### ठेकेदार के चंगुल में खाकी

अवैध रूप से गांव-गांव में शराब बेचने वालो ने ग्रामीण क्षेत्रों का माहौल पूरी तरह से दूषित कर दिया है, वर्तमान शराब ठेकेदार ने अपनी जड़ मजबूत करते हुये आबकारी विभाग को अपने चंगुल फांस लिया है, जिससे उनके जाल मे नोट फंसने के बाद चुपचाप बैठकर तमाशा देखते रहते हैं। इसका कारण है कि आबकारी विभाग के सुस्त व लुंज-पुंज होने की वजह से ठेकेदार बराबर सेटिंग बिठाने मे कामयाब हो गया हैं। वहीं दूसरी ओर वर्दीधारी आये दिन महुआ शराब व देशी शराब पर दिखावे की कार्यवाही करता है, लेकिन मजाल है कि ठेकेदार की अंग्रेजी शराब की एक बूंद भी वर्दीधारी के हाथ लग जाये। स्थानीय लोगों ने कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक से इस मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की है।

### क्रियान्वयन के लिये पुलिस पूरी तरह से तैयार, विवेचको को दिया गया प्रशिक्षण

# 1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून



**उमरिया।** भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 1 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक कानून 2023 लागू हो रहे है, जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु उमरिया पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भी पूरी तरह से प्रशिक्षित हुये है तथा आमजन भी इस संबंध में जागरूक रहे इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया ने आम जनता में भी इसका प्रचार प्रसार करने हेतु कार्यवाही के दिशा-निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार ऑफलाइन एवं ऑनलाइन नए आपराधिक कानून-2023 की प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है साथ ही आम नागरिकों के बीच जाकर भी नए कानून के विभिन्न प्रावधान व सुविधाओं के बारें में प्रचार प्रसार किये जाने की योजना तैयार कर अमल में लाया जा रहा है। तीनों नवीन कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाये गए है। इसमें महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में पीड़ितों की समस्याओं को केंद्र में रखकर, अपराधियों के लिए और कड़ी सजा आदि पर ध्यान दिया गया है। कही पर भी घटना होने पर परिस्थिति वश कही पर भी एफआईआर की सुविधा तथा ई एफआईआर का भी प्रावधान है। नये कानून में डिजिटल साक्ष्य, फॉरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को बढ़ाया गया है एवं हर चीज की समय सीमा को निर्धारित किया गया है कि, कितने समय में विवेचना पूर्ण करके चार्ट शीट पेश करना है और केस की अपडेट पीड़ित को समय सीमा में दी जाएगी। गवाह व पीड़ित आदि के बयान की वीडियो ग्राफी तथा बयान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लेने की भी प्रक्रिया है। पुलिस टीम ने उन्हें नए व पुराने कानूनों के तुल्नात्मक चार्ट और प्रावधानों को पीपीटी व पोस्टर आदि के माध्यम से समझाने हेतु तैयार किये गये है। इसी अनुक्रम में उमरिया पुलिस द्वारा लगातार पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही आमजन का भी नए कानून में हुये बदलाव व प्रक्रिया का ज्ञान हो इसको ध्यान में रखते हुए उमरिया पुलिस सभी थानो मे भारतीय न्याय संहिता एंव भारतीय दण्ड संहिता के विशेष विन्दुओ के तुलनात्मक विवरण के पोस्टर लगाये गये ताकि थाने पर आने वाले किसी भी फरियादी एंव आमजन को नवीन अपराधिक कानून के प्रावधान के बारे में जानकारी रहे और उन्हें वे किसी भी प्रकार से भ्रमित ना रहे।

# अब नियमित होगा शालाओं का निरीक्षण, लापरवाह शिक्षकों पर होगी कार्यवाही

### जिला प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता के लिए संकल्पित

उमरिया। नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के अनेकों प्रयास सत्र प्रारंभ से ही शुरू कर दिए हैं। शालाओं में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब स्कूलों में जिला तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों व्दारा औचक निरीक्षण करने के साथ ही, बीईओ, बीआरसी, बीएसी सहित अन्य प्रशासनिक अमले की जवावदेही तय की जायेगी। इतना ही नहीं मासिक टेस्ट, समय पर पाठ्यक्रम का अनुसरण, स्कूलों में शैक्षणिक वातावरण तैयार करने हेतु किये गए प्रयासों, साफ सफाई, शौचालयों के उपयोग तथा सफाई, पेयजल की व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तकों के वितरण, गणवेश, छात्र व्रत्ति , शिष्यवृत्ति के वितरण, बाल सभा, पालक शिक्षक संघ की बैठक, अभिभावक भेंट तथा निरीक्षण में पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु किये गये प्रयासों की भी मानीटरिंग की जायेगी।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सीएमएचओ को दिया प्रशस्ति पत्र



**उमरिया।** केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण तथा उर्वरक और रसायन राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल तथा केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एव केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री ( स्वतन्त्र प्रभार) प्रताप राव जाधव के कर कमलों के द्वारा जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली का एनक्यू एएस प्रमाणीकरण 95 प्रतिशत बेहतर स्वास्थ्य गुणवत्ता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में जिले से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस.बी.चौधरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सी.के.जैन तथा नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती रूपा कुशवाहा कार्यक्रम मंच नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रीगणो के हाथों यह सम्मान प्राप्त किया है।बताया गया कि उमरिया जिले के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसिंहपुर पाली का बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और गुणवत्ता के लिए एनक्यूएएस के द्वारा प्रमाणीकरण किया गया था, जिसके चलते जिले के स्वास्थ्य विभाग के मुखिया और उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। निश्चित रूप से पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रशस्ति पत्र मिलने पर अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर वी.के.जैन सहित अन्य डॉक्टर, नर्स और उनके पूरे स्टाफ को इसका पूरा योगदान जाता है, जिनकी मेहनत और प्रयास के कारण यह संभव हो सका है।

# दुकान में खाद्यान्न कम पाए जाने पर व्रिकेता पर लगाया जुर्माना
## 23 हजार 889 रूपये शासन पक्ष में जमा कराने का आदेश पारित

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ रीता डेहरिया ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया 05 की जांच 31 मई 2021 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चंदिया व्दारा की गई। जांच के समय घटना पंचनामा तैयार किया गया व हितग्राहियों से पूछताछ की गई तथा कथन लिपिबद्ध किए गए। जाँच के समय विक्रेता भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया का पंचनामा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भरौला द्वारा संचालित है। जाँच के समय मौके पर उपस्थित हितग्राही हनुमत यादव , विहारीलाल यादव , कुमार राव , भोला यादव द्वारा 3 माह अप्रैल, मई एवं जून 2021 का खाद्यान्न प्राप्त होना पाया गया है, जिसमें माह अप्रैल 2021 का खाद्यान्न सशुल्क व माह मई एवं जून 2021 का निःशुल्क खाद्यान्न गेहूं, चावल प्राप्त होना पाया गया। जाँच के समय हितग्राही रतनी बाई पति जुगनाथ बैगा , रामनारायण बैगा, गीता बाई बैगा पति सुन्दर बैगा द्वारा खाद्यान्न से अधिक राशि लेना पाया गया। अन्त्योदय परिवार को माह मई व जून 2021 की शक्कर, मिट्टी तेल व नमक प्राप्त नही होना पाया गया। विक्रेता द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान को आवंटित सामग्री प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्तर्गत गेहूँ 123.51 क्विंटल, 02 माह मई व जून 2021 पी.ओ.एस. मशीन का माह मई 2021 का आवंटित कैरोसीन 398 लीटर पी.ओ.एस. मशीन में रिसील नही होना पाया गया। हाल की जाँच के समय शासकीय उचित मूल्य दुकान में संधारित खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया गया।

**जांच समय दुकान पर 10.92 क्विंटल गेहू क कम पाया गया जिसका बाजार मूल्य ईकोनॉमिक कॉस्ट 2187.64 रु प्रति क्विंटल के मान से तेईस हजार आठ सौ नवासी रु मात्र) है जिसकी वसूली के लिये विक्रेता श्री भूपेन्द्र सिंह बघेल उत्तरदायी है।**

इस प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भरौला द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया-05 के विक्रेता भूपेन्द्र सिंह बघेल द्वारा मध्यप्रदेश सर्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 कण्डिका 11(1), 11(6), एवं 11(8) का उल्लंघन किया गया जोकि इसी आदेश की कण्डिका 16 के तहत दण्डनीय है। प्रकरण पंजीयन किया जाकर अनावेदक को सूचना पत्र जारी कर तलब किया गया। अनावेदक नोटिस प्राप्त करने के बावजूद भी उपस्थित नहीं हुआ। उसके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई। विक्रेता भूपेन्द्र सिंह बघेल द्वारा मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कण्डिका 11 (1), 11(6), एवं 11(8) का उल्लंघन किया गया जो इसी आदेश की कण्डिका 16 के तहत दण्डनीय है। भूपेन्द्र सिंह बघेल विक्रेता शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया 5 के विरुद्ध जाँच समय दुकान पर कम पाये गये खाद्यान कुल राशि रूपये तेईस हजार आठ सौ नवासी रु मात्र) की वासूली भूपेन्द्र सिंह बघेल से भू-राजस्व की भांति की जाकर शासन पक्ष में जमा कराये जाने का आदेश पारित किया जाता है। साथ ही 1500/- का अर्थदण्ड आरोपित किया जाता है। अनावेदक साथ ही दोनों उक्त राशि 10 दिवस के अंदर मध्यप्रदेश शासन के विभागीय शीर्ष में जरिये चालान जमा करते हुए चालान की दो प्रतियां इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

# संतों और समाज सेवियों के सहयोग से रोपे जाएंगे हजारों पौधे



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक को पर्यावरण की दृष्टि से भी पवित्र बनाने का जिम्मा अब शासन प्रशासन के अलावा नगर के प्रमुख आश्रमों के संत एवं गणमन नागरिक व्यापारी व व्यवसाययों ने अमरकंटक को पुणे हरा-भरा करने का बीड़ा उठाया है। उक्त पुण्य कार्य का अध्यक्षता पुष्पराजगढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल के द्वारा सर्किट हाउस सभागार में एक बैठक आहूत की गई, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार कौशलेंद्र मिश्रा, देवल सिंह, अश्विन तिवारी एवं अमरकंटक के प्रमुख आश्रमों में श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज, स्वामी हर स्वरूप जी महाराज, स्वामी धमार्नंद जी महाराज, धारकुंडी आश्रम के स्वामी लवलीन बाबा एवं तुरीय आश्रम मृत्युंजय आश्रम के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में अमरकंटक नगर के जगह को चिन्हित किया गया है जहां पर पौधा रोपण किया जाना है जिसमें से नर्मदा नदी के उत्तर तट पर श्मशान घाट के निकट लगभग 1000 पौधे लगाए जाएंगे जिसकी पूरी देखभाल रख रखाव पौधारोपण से लेकर पौधे को बड़ा करने तक की जिम्मेदारी श्री कल्याण सेवा आश्रम के द्वारा संपन्न किया जाएगा। इसी तरह सावित्री सरोवर के पास लगभग 1080 पौधारोपण की जिम्मेदारी नगर के व्यवसाययों को सौंप गई है, जिसमें प्रमुख रूप से होटल व्यवसाईयों को शामिल किया जाएगा। इसी तरह अमृत वाटिका में 150 पौधे, जमुना दादर के पास आयुष्मान वाटिका में 550 पौधे, गुंबा घाटी के पास 550 पौधे, सर्किट हाउस के पीछे मेला ग्राउंड के पास लगभग 500 जैन मंदिर के पास वृक्षारोपण का कार्यक्रम जन भागीदारी वह आश्रमों के सहयोग से किया जाएगा और अमरकंटक को पर्यावरण की दृष्टि से हरा भरा रखने की पूरी जिम्मेदारी नगर के नागरिकों को होगी। बैठक में उपस्थित सभी संतो ने अपने-अपने सुझाव दिए वह जनप्रतिनिधियों में रज्जु सिंह नेताम, शक्ति शरण पांडे, जोहन लाल चंद्रवंशी, कान्हा तिवारी, प्रकाश द्विवेदी, रोशन पनारिया, पत्रकारगण में उमाशंकर पांडेय व नगर परिषद अमरकंटक के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में बैठक संपन्न की गई।

## सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित
## विद्यार्थियों को बताए सर्पदंश से बचने के उपाय



**अमरकंटक।** श्री शील मंडल एवं प्रणाम नर्मदा युवा संघ के संयुक्त संयुक्त तत्वावधान में मॉडल ट्राईबल स्कूल अमरकंटक में अध्यनरत छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय के शिक्षक व स्टाफ हेतु सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ किया गया। तदुपरांत सर्प प्रहरी, विश्वविद्यालय के शोधार्थी व प्रणाम नर्मदा युवा संघ के अध्यक्ष विकास चंदेल द्वारा सर्प दंश से बचाव हेतु सांपों की पहचान, सर्पदंश की पहचान, प्राथमिक उपचार, भ्रांति तथा अंधविश्वास आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। तदुपरांत श्री शील मंडल की अध्यक्षा एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती शीला त्रिपाठी द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी द्वारा बौद्धिक उद्बोधन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो ए के शुक्ला, ओएसडी डॉ विजयनाथ मिश्रा, अतिथि डॉ मनोज अवस्थी, विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजनारायण ओझा, प्रनयुस के इंटर्न निवेदिता राव व संगीता मौहारी, विश्वविद्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारीगण, विद्यालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डॉ. सलिल परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त कर बने पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी



**जमुना/बदरा।** वार्ड नंबर 6 स्टाफ कॉलोनी निवासी डॉ. सलिल कुमार पाठक ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में चौथा स्थान हासिल किया है और पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी के रूप में चयनित हुए हैं। डॉ. सलिल का शिक्षा और करियर सफर उल्लेखनीय है उन्होंने केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की 2014 से 2018 तक उन्होंने जबलपुर स्थित गवर्नमेंट नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय से पशु चिकित्सा में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी की इसके बाद, 2019 से 2021 तक उन्होंने उसी कॉलेज से मेडिसीन में मास्टर की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में, डॉ. सलिल पीएचडी इन मेडिसीन कर रहे हैं। डॉ. सलिल के परिवार में उनके पिता अनिल कुमार पाठक जीएम ऑफिस में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सरला पाठक सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं उनके भाई का नाम शैलेष कुमार पाठक है। डॉ. सलिल कुमार पाठक की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जमुना कॉलरी के लिए गर्व की बात है उनकी मेहनत और समर्पण से प्रेरित होकर अन्य युवाओं को भी उच्च शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का हौसला मिलेगा। उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लाल बहादुर जायसवाल, सिद्धार्थ त्रिवेदी, उमेश मिश्रा, राजू गुप्ता, महीप द्विवेदी, स्वप्निल पांडे, सचिन जायसवाल, रणविजय सिंह, प्रमोद गुप्ता, सरताज, अमित गुप्ता, आलोक सिंह, राघवेंद्र तिवारी, राकेश पुरी आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पुलिस में शिकायत दर्ज, न्याय की गुहार

# युवक ने ससुराल पक्ष पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप



**जमुना।** जमुना कोतमा रीवा निवासी अंकित कुमार मिश्रा ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि जमुना कॉलोनी में उनके ससुराल पक्ष द्वारा उन पर जानलेवा हमला किया गया अंकित ने बताया कि पिछले चार महीनों से उनकी पत्नी उनसे संपर्क में नहीं थी और अपने बेटे की स्थिति जानने के लिए वे ससुराल पहुंचे थे। अंकित का ढावा है कि जब वे ससुराल पहुंचे और घर के अंदर बुलाए गए, तो उनके साले और ससुर ने मिलकर उन पर हॉकी स्टिक से हमला किया। इस हमले में उनकी गाड़ी का कांच भी तोड़ दिया गया और उन्हें बेरहमी से पीटा गया जिससे उनकी आंख में गंभीर चोट आई है अंकित ने आरोप लगाया है कि उनके साले के साले दारू माफिया हैं और उन्हीं के इशारे पर यह हिंसक हमला किया गया। इस घटना के बाद अंकित ने तुरंत स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके ससुर नोखे लाल मिश्रा, साले रवि मिश्रा, पवन द्विवेदी और सौरभ द्विवेदी इस हमले में शामिल थे। अंकित ने कहा कि वह अपने बेटे को देखना चाहते हैं और इस घटना से बेहद परेशान और डर में हैं। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस हिंसक घटना ने जमुना कॉलोनी में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस का कहना है कि कानून अपना काम करेगा और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। अंकित को अब न्याय और सुरक्षा की उम्मीद है, और उन्हें विश्वास है कि पुलिस प्रशासन उनकी मदद करेगा ताकि वह अपने बेटे से मिल सकें और इस दर्दनाक घटना का इंसाफ पा सके।

**इनका कहना है**

मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ति की रिपोर्ट लेते हुए उसका मेडिकल उपरांत उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

प्रभाकर पटेल, एएसआई

# घर में बिना बताये लापता हुई युवती

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाली 19 वर्षीय युवती के अचानक अपने घर से बिना बताए कहीं चले जाने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत रविवार को मीना केवट द्वारा थाना कोतमा में किए जाने पर पुलिस ने गुमशुदगी कायम करते हुए तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि युवती अपने घर से सुबह जरूरी काम के लिए निकली और वापस नहीं आई। परिजनों द्वारा पास पड़ोस सहित रिश्तेदारों में पता तलाश किए जाने के बाद भी न मिलने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# गांव की शांति भंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**कोतमा।** लहसुई गांव के आम रास्ते में रविवार को शमसुद्दीन 26 वर्ष पिता स्वर्गीय कमरुद्दीन निवासी वार्ड नंबर 3 मोहार पारा जिला मनेनद्रगढ़ जो की संदिग्ध हालत में हो हल्ला हंगामा करते हुए आने जाने वालों से विवाद करते हुए गांव की शांति भंग कर रहा था। वार्ड वासियों द्वारा थाना कोतमा में सूचना दिए जाने पर थाने से एसआई बाबूलाल परस्ते द्वारा घटना स्थल पहुंच आरोपी को पकड़ते हुए 151 (107/16) के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया गया।

## खबर संक्षेप



### लायंस क्लब की सेवा भावना अनुकरणीय है : उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि लायंस क्लब की सेवा भावना अनुकरणीय है। जिससे प्रेरणा लेकर अन्य सामाजिक संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लायंस क्लब रीवा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। लायंस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि लायंस क्लब का नाम लेते ही मन मस्तिष्क में संस्था की सेवा भावना की छवि आती है। इस क्लब का गौरवशाली इतिहास रहा है। कोविड काल के अतिरिक्त अन्य आपदा समय में क्लब ने पीड़ित मानवता की सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस संस्था की सेवा भाव ही आइकॉन है। श्री शुक्ल ने लायंस क्लब के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि रीवा एवं विंध्य को समृद्धशाली बनाने में सहभागी बने तथा नशे से युवा पीढ़ी को बचाने व इससे दूर रखने के लिए जागरूक करें। लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. यूबी सिंह सहित पदाधिकारियों ने शपथ ली। उप मुख्यमंत्री में नव निर्वाचित सदस्यों व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपेक्षा की कि क्लब अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल होगा।

### बरहटा फीडर की बिजली वितरण व्यवस्था चरमराई

**मऊगंज।** विद्युत वितरण कंपनी मऊगंज अन्तर्गत बरहटा फीडर की बिद्युत आपूर्ति आये दिन आठ से दस घंटे बाधित रहती है गौरतलब है कि बरहटा फीडर में चालीस गांव जुडे है। इन गांवों के उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।लेकिन यहां के विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी अपने दायित्व के प्रति उदासीन है। क्षेत्रीय जनों ने प्रदेश के उर्जामंत्री से हस्ताक्षेप कर बरहटा फीडर व अन्य सभी फीडर की बिद्युत आपूर्ति पूरी तरह बहाल कराये जाने हेतु उचित पहल करने की मांग की है। मांग करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता शिव शंकर मिश्र बरहटा व किसान संघ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सेंगर रकरी जागीर व सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता डॉ भोलेंद पान्डे व सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता धीरेंद्र पांडेय व सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता कृष्णेंद्र तिवारी व सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार पाण्डेय व अन्य लोगो ने उर्जा मंत्री भोपाल से जिला मऊगंज अन्तर्गत बरहटा फीडर व अन्य फीडर की नियमित विद्युत आपूर्ति कराये जाने हेतु उचित पहल करने की विनम्र गुज़ारिश की है।

### उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ भाजपा नेता के घर पहुंचकर उनकी कुशल क्षेम पूछी

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कमलेश्वर सिंह जी के निवास पर पहुंचकर उनका बाई-पास सर्जरी के पश्चात कुशलक्षेम जाना एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पांडेय भी उपस्थित रहे।

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए सही वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में करायें। राजनिवास सर्किट हाउस में रीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान राजेन्द्र शुक्ल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां विद्युत का लोड अधिक है वहां आवश्यकतानुसार अतिरिक्त ट्रांसफर्मर लगायें तथा पुराने एवं जर्जर केबिल बदलवाये। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र के मैदानी अमले के पास पर्याप्त मेंटीनेंस की सामग्री उपलब्ध रहे ताकि जरूरत के समय वह सुधार का कार्य कर सके।

# पौधारोपण के लिए जिला प्रशासन के पास एक्शन प्लान नहीं

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष के जुलाई में पौधारोपण किया जाता है। लाखों पौधे रोपे जाते हैं लेकिन वह लाखों पौधे कहां चले जाते हैं पता नहीं चल पाता इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक विभागों को पौधारोपण के लिए टास्क दिया गया लेकिन वह पौधे कहां रोक जाएंगे।

ब्यौहारी ।



इसका स्थल चयन नहीं किया गया है क्योंकि विभागों के कैंपस में पेड़ नहीं लगे हुए ब्यौहारी -छेत्र में रेलवे तिराहा से लेकर मऊ तक हजारों पेड़ सड़क बनाने के लिए काटे गए हैं इसलिए वहां भी पौधे रोपे जाने चाहिए क्योंकि नगरीय क्षेत्र के पूरे पौधे कट जाने से नगर का तापमान बढ़ गया इसके अलावा वन विभाग ,राजस्व विभाग द्वारा कहां कितने पौधे रोपे जा रहे हैं किस स्थान पर लगाए जा रहे हैं उनकी सुरक्षा व्यवस्था कैसे होगी इस पर पूरा एक्शन प्लान जिला प्रशासन को सार्वजनिक करना चाहिए लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अभी तक इसको लेकर के कोई एक्शन प्लान जारी नहीं किया गया जिसके कारण से ब्यौहारी क्षेत्र के खंड स्तरीय अधिकारी सुस्त बने हुए हैं उनको लगता है कि हर साल की भांति इस साल भी कोरम पूर्ति हो जाएगी और फोटो सेशन करवा कर जिला में भेज देंगे काम पूरा हो जाएगा जिला प्रशासन को शीघ्र ही प्रत्येक विकासखंड के लिए एक्शन प्लान जारी करना चाहिएप्रस्फुटन समितियों को दिये जायें पौधे -जन अभियान परिषद कि प्रत्येक गांव में प्रस्फुटन समितियां उन प्रस्तुत समितियां को भी 10-10 पौधे दिलवाए जाने चाहिए जिससे वह अपने ग्राम क्षेत्र में लगवा सके इसके अलावा बहुत सारे किसान है जो पौधे लगाना चाहते लेकिन उनको पौधा कैसे मिलेगा कहां उनका रजिस्टर करना पड़ेगा नगरीय क्षेत्र में एक जगह ऐसी सरकारी जगह होनी चाहिए जहां पर लोग अपने प्रिय जनों के जन्मदिन पर यदि चाहे तो कोई पौधा रूप सकते हैं उसकी सुरक्षा स्वयं करें उसे शासकीय स्थल को भी चारों तरफ से सुरक्षित कर कर स्थल घोषित करना चाहिए इन सभी बातों को ध्यान में रखकर का पौधारोपण को लेकर अपना पूरा एक्शन प्लान जिला प्रशासन को घोषित करना चाहिए जो की अभी तक नहीं किया गया है तभी मध्य-प्रदेश शासन के अनुसार पौधारोपण कार्य हो सकेगा।

# सरपंच के ससुर ने संभाल रखी है पंचायत की बागडोर





### मुरूम का करवा रहे अवैध उत्खनन -ग्रामीणों ने लगाया आरोप, खनिज संपदा का दोहन कर कर रहे बिक्री

रीवा

रायपुर कर्चुलियान जनपद में चल रही भर्रेशाही का असर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में दिखने लगा है। एक ओर जहां सरकार ने महिला सरपंचो के परिजनों द्वारा पंचायत कार्यो पर प्रतिबंध लगा रखा है वहीं दूसरी ओर महिला सरपंच के परिजन सरकार के नियमों को ताक पर रखकर पंचायत की बागडोर खुद संभाल रखी है। महिला सीट होने पर गांव के राजनीतिज्ञ या तो अपनी बहू को ढ़ाल बनाकर अपनी राजनीति करते है या फिर पत्नी या पुत्री को। और जब महिलायें चुनाव जीत जाती है तो उनको चूल्हे या बच्चों की पढ़ाई का काम सौंप कर पंचायत की बागडोर खुद ही हाथों में ले लेते है। ऐसा ही एक मामला रायपुर कर्चुलियान जनपद क्षेत्र के ग्राम पहडिया पंचायत से निकल कर सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत की बागडोर महिला सरपंच के सुसर सेनि. शिक्षक अशोक तिवारी ने संभाल रखी है और जनता द्वारा चुनी गई सरपंच मनीषा तिवारी रीवा शहर में रह कर अपने बच्चों की पढाई करवा रही। ग्रामीणो का कहना है कि ससुर गांव वालों की भविष्य से खिलवाड़ कर रहे और बहू पंचायत को बीच मझदार में छोडक़र अपने बच्चों का भविष्य संवार रही है। बताया कि गांव में लगभग 7 से 8 एकड़ ऐसी शासकीय भूमि है जहां से मुरूम का दोहन किया जाता है वहीं से लगा हुआ गौशाला भी है। आरोप है कि सरपंच के ससुर उक्त शासकीय भूमि से मुरूम निकलवा कर गांव एंव आसपास के गांवों में बेचते है। इस काम के लिए उन्होने अपने करीबी अजय दुबे को जि मेदारी सौंप रखी है। ग्रामीणों ने तो यहां तक बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान अजय दुबे से सेनि. शिक्षक अशोक तिवारी की बहू मनीषा तिवारी को चुनाव जिताने के लिए मतदाताओं को मैनेज करने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी कर्ज अदायगी सरपंच के ससुर कर रहे है। अजय दुबे मुरूम का अवैध उत्खनन करने के लिए रवीकरण तिवारी की जेबीसी और डंफर लगा रखे है और प्रतिदिन उक्त शासकीय भूमि से 20 से 25 डंफर मुरूम का अवैध उत्खनन कर बिक्री कर रहे है। वहीं इस संबंध में जब सरपंच के ससुर सेनि. अशोक तिवारी से जानकारी चाही तो उन्होने बताया कि सरपंच रीवा में रह कर बच्चो की पढ़ाई करवा रही है। साथ ही बताया कि जिस आराजी से मुरूम के अवैध उत्खनन का आरोप है वो खदान नहीं तालाब है जिसका गहरीकरण किया जा रहा है। वहीं अपनी बातों पर उलझते हुए सरपंच के ससुर ने बताया कि गांव में कई सडक़ों का निर्माण कार्य हो रहा है जिसके लिए खदान से मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है और इसके लिए जनपद कार्यालय से स्वीकृत मिली है।



### केसरवानी वैश्य समाज के प्रतिभा सम्मान एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

**रीवा।** केसरवानी सभा जिला इकाई रीवा द्वारा समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि केशरवानी समाज के भाईचारे की भावना प्रशंसनीय है। समाज के गरीब लोगों को पूरा सहयोग एवं मदद दिया जाता है जिससे उनका हौसला बढ़ता है। श्री शुक्ल ने समाज के विकास, सुरक्षा एवं सहयोग के लिए आश्वस्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में विंध्य व रीवा सबसे कम समय में उन्नति करने वाले क्षेत्र के तौर पर अपनी पहचान बनायेगा। रीवा से शहडोल मार्ग में पहाड़ में सुरंग बनाने के लिए सर्वे हेतु बजट का प्रावधान किया गया है। जिसके बन जाने से रीवा - शहडोल मार्ग की दूरी कम होगी। उप मुख्यमंत्री ने केशरवानी समाज के लोगों का आह्वान किया कि नशा मुक्त विंध्य बनाने में सहभागी बने तथा नशे की प्रवृत्ति से नई पीढ़ी को दूर रखने में अपनी भूमिका निभाएं और लोगों में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलायें। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन केशरवानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने दिया। इस अवसर पर केशरवानी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी तथा केशरवानी समाज के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, व्यौहारी के प्रतिनिधि व गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# मैं राजस्थान का हूं पर मध्य प्रदेश का बन गया हूं: डांड

रीवा

रीवा संभाग के कमिश्नर श्री गोपाल चंद्र डांड 33 वर्ष की शासकीय सेवा के बाद अधिवार्षिकी आयु पूरी कर सेवा निवृत्त हो गए। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में कमिश्नर श्री डांड को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कमिश्नर श्री डांड ने कहा कि मैं राजस्थान का रहने वाला हूं पर अब मैं मध्यप्रदेश का हो गया हूं । यहां 33 वर्ष की शासकीय सेवा में मुझे कई शानदार अनुभव हुए। कई बार कठिन परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ा। कोरोना कल में ऑक्सीजन की व्यवस्था करने और कोरोना पीड़ितों को उपचार की व्यवस्था करने में बड़ा कठिन श्रम करना पड़ा। उज्जैन में 2016 में आयोजित सिंहस्थ महाकुंभ में भी प्राकृतिक आपदा के रूप में बड़ी चुनौती आई जिसे हम लोगों ने सफलतापूर्वक सामना किया। मध्य प्रदेश में मुझे रतलाम जिले में तीन बार कार्य करने का अवसर मिला। रीवा में मेरी पदस्थापना बहुत कम समय के लिए हुई। लगभग 6 माह में से तीन माह का समय चुनाव के आचार संहिता में बीत गया। फिर भी मैंने शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए अपने स्तर से भरसक प्रयास किया। पूरे संभाग में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। बड़े त्योहारों में भी शांति कायम रही। विंध्य के नागरिक बड़े जागरूक और तेज हैं। लेकिन कई बार छोटी-छोटी बातों को लेकर भी विवाद न्यायालय तक पहुंच जाता है। सब मिलकर और एक दूसरे से सहयोग करें तो कोई समस्या नहीं होगी ।

विदाई समारोह में पुलिस महा निरीक्षक महेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि अच्छा अधिकारी वही होता है जो अच्छा इंसान भी हो। श्री डांड एक सफल और कर्मठ अधिकारी होने के साथ-साथ बहुत ही सरल सहज इंसान है। आपकी पदस्थापना जहां भी रही अपने बहुत अच्छा कार्य किया। प्रशासनिक कठिनाइयां और दबावों का सरलता से सामना करके आपने जनहित के कार्य सफलतापूर्वक किये । समारोह में अपर कमिश्नर अरुण परमार ने कहा कि कमिश्नर सर की सरलता, व्यवहार और मार्गदर्शन से कई कार्य सफलतापूर्वक हो गए। आपने प्रशासन तनाव मुक्त तरीके से किया। कठिन से कठिन क्षणों में भी आपने बड़ी सहजता से निर्णय लेकर कार्य को अंजाम तक पहुंचाया । समारोह में डिप्टी कमिश्नर दयाशंकर सिंह, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉक्टर राहुल मिश्रा, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन पवन सिंह तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आर पी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में सेवा निवृत्त कमिश्नर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में सभी संभागीय अधिकारी, कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का रोचक संचालन अवनीश शर्मा ने किया।

# वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाएं - उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने रौसर - कुठुलिया नवीन मार्ग के किनारे किया वृक्षारोपण

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाएं और इसमें सभी की सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग व गर्मी से निजात दिलाने में पेड़ों से प्राण वायु मिलती है। श्री शुक्ल ने रौसर- कुठुलिया नवीन मार्ग के किनारे पौधारोपण एवं प्लांट एडॉप्शन कैंपेन कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया। इस दौरान सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने भी पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात है कि नई सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। सड़कों के किनारे वृक्ष लगने से सड़क की खूबसूरती भी बढ़ती है और हरीतिमा भी आती है। उन्होंने कहा कि गांव में सड़कों के बन जाने से आर्थिक विकास तेजी से होने लगता है। ग्राम वासियों की जिम्मेदारी है कि वह पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा भी करें क्योंकि यह हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही जरूरी है। उन्होंने नवीन सड़क के शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।




इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि पूर्व काल में सड़कों के किनारे फलदार एवं छायादार पौधों से छाया और फल मिलते थे। अब पेड़ हमें सांस लेने के माध्यम बन गए हैं, क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग व गर्मी बढ़ गई है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की ग्राम वासियों से अपेक्षा की। इस अवसर पर बताया गया कि वन विभाग द्वारा रीवा शहर को हरा भरा बनाने का उप मुख्यमंत्री जी का संकल्प पूरा करने के लिए 25 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। निपानिया से मुकुंदपुर मार्ग के किनारे भी वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यपालन यांत्रिक सेतु निर्माण वसीम खान ने रौसर - कुठुलिया मार्ग निर्माण कार्य जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में आभार वन मंडल अधिकारी अनुपम शर्मा ने व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम श्री वेंकटेश पांडे, सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े, सरपंच रौसर श्रीमती कुशवाहा, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, कमल सिंह, गंगा यादव, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला सहित अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय मऊगंज में दीक्षांत समारोह कल

## कलेक्टर मऊगंज के मुख्य आतिथ्य में होंगे विशेष आयोजन

**मऊगंज।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह 1 जुलाई 2024 को (तीन दिवसीय) कलेक्टर मऊगंज के मुख्य आतिथ्य एवं एड. महेश चंद्र राल्ही अध्यक्ष जन भागीदारी समिति की अध्यक्षता तथा नीलम इंद्रपाल सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत मऊगंज एवं बृजवासी पटेल अध्यक्ष नगर परिषद मऊगंज के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित होना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार राय ने बताया कि दीक्षारंभ समारोह नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिप्रेरणा कार्यक्रम है। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। प्राचार्य ने सभी नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं एवं उनके पालकों, अभिभावकों, मऊगंज के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से शासकीय महाविद्यालय मऊगंज में पहुंचने की अपील की है।



## खबर संक्षेप



### आसमान छू रहे सब्जियों के दाम से आम जनता की बढ़ी परेशानी

**अनूपपुर/कोतमा।** एक बार फिर बढ़ती महंगाई ने आम जनता के घरों का बजट बिगाड़ दिया है जिस तरह से सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं उससे हर कोई परेशान है। बढ़ती महंगाई से सबसे अधिक गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार परेशान है।बढ़ती महंगाई का आलम यह है कि इन दिनों सभी सब्जियों में महंगाई का तड़का लगा हुआ है। बाजार में जहां टमाटर एवं प्याज रूपए 50 किलो के पार बिक रहा है वहीं आलू भी 20 रूपए से बढ़कर 40 रूपए है। लहसुन,अदरक धनिया के 100 रूपए के ऊपर हैं। हरी सब्जियों में ज्यादातर सब्जियों के दाम भी 50 रूपए किलो के ऊपर ही बिक रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से सब्जियों में लगातार बढ़ती महंगाई से महिलाओं के रसोई का बजट बिगड़ नजर आ रहा है महिलाओं का कहना है कि आज बाजार में 500 रूपए में भी बड़ी मुश्किल से एक झोले सब्जी मिल पा रही है।

### लोकसभा निर्वाचन व्यय लेखा मिलान बैठक संपन्न



**अनूपपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय लेखों के मिलान हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार निर्वाचन परिणामों की घोषणा के 26 वें दिन निर्वाचन व्यय के विवादित मदों के लेखा के समाधान हेतु आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 12-शहडोल (अ.ज.जा.) हेतु नियुक्त आय व्यय प्रेक्षक रामकृष्ण केडिया (आईआरएस) की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संधारित लेखों की समीक्षा की जाकर अभ्यर्थियों के लेखों को अन्तिम मिलान की कार्यवाही की गई। आय व्यय प्रेक्षक रामकृष्ण केडिया ने उपस्थित अभ्यर्थियों/अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय लेखों और लेखा टीम के निर्वाचन व्यय रजिस्टर में दर्ज व्यय के संबंध में संदेह या आपत्ति संबंधी निराकरण सुनिश्चित किया गया। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी व कोषालय अधिकारी बी.एल. प्रजापति ने निर्वाचन अभ्यर्थियों का व्यय लेखा निर्वाचन रजिस्टर में दर्ज व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही अभ्यर्थियों/अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय लेखा के संबंध में जानकारी देते हुए लेखा मिलान कराया। लेखा मिलान समाधान बैठक मे लेखा टीम के सदस्य व सहायक नोडल उपस्थित थे।

### जिले में 42.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 42.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 52.4, कोतमा में 42, बिजुरी में 41.4, जैतहरी में 29.2, वेंकटनगर में 65, पुष्पराजगढ़ में 46.8, अमरकंटक में 46 तथा बेनीबारी में 16.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### नवीन आपराधिक कानून के संबंध में आज आयोजित होगा कार्यक्रम

**अनूपपुर।** नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देने हेतु जिला चिकित्सालय परिसर स्थित स्वसहायता भवन में 1 जुलाई को अपरान्ह 1 बजे से जिला एवं सत्र न्यायालय की जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर की सचिव श्रीमती मोनिका आध्या तथा जिला अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल व पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार की उपस्थिति में आयोजित किया गया है।



## अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने बनाया नया रिकार्ड

# लगातार 300 दिन विद्युत उत्पादन कर रचा इतिहास

### विद्युत यूनिट स्थापना के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

### ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई

अनूपपुर।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (अनूपपुर) के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट को लगातार 300 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। यह विद्युत यूनिट की स्थापना के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस यूनिट ने 27 अगस्त 23 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया। इस यूनिट के सतत बिजली उत्पादन करने से प्रदेश की बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने के पावर जनरेटिंग कंपनी के उद्देश्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

#### विभिन्न मापदंडों में भी मिली उपलब्धि

210 मेगावाट की यूनिट ने जब 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विभिन्न मापदंडों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यूनिट ने 100.24 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 98.6 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9.29 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।

#### ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, अमरकंटक ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता एम. एल. पटेल ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए उनकी सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है।

## डोला परिवहन चेक पोस्ट में वाहन चालकों से अवैध वसूली जारी




कोतमा।

छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित डोला परिवहन चेक पोस्ट में वाहन चालकों से अवैध वसूली जारी है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां छत्तीसगढ़ से भी वाहनों का आना-जाना बना रहता है। चेक पोस्ट पर वाहनों को निकलने के एवज में वसूली की शिकायतें आए दिन जिला प्रशासन सहित प्रदेश के मुखिया तक पहुंचती है। बताया जाता है कि यहां वसूली के लिए कई प्राइवेट कर्मचारी लगाए गए हैं जो वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुए अभद्रता भी करते हैं, कोई भी इन्हे रोक नहीं सकता नहीं तो मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। उनकी दादागिरी के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं कुछ दिनों पूर्व वाहन चालकों से अवैध वसूली एवं विवाद को लेकर थाने में शिकायत की गई थी। परिवहन चेक पोस्ट डोला में आए दिन अवैध वसूली से संबंधित शिकायतें सीएम हेल्पलाइन तथा स्थानीय थाने व जिला प्रशासन के पास वाहन चालकों द्वारा दर्ज कराई जाती है, इसके बावजूद इन शिकायतों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई और ना ही यहां गुंडागर्दी करने वाले प्राइवेट कर्मचारियों को हटाया गया। पूर्व में जिला प्रशासन ने शिकायत की जांच के लिए टीम को भेजा था लेकिन जिला प्रशासन की टीम को भी यहां पर ज्यादा जानकारी न देते हुए गोलमोल जवाब दिया जाता है।

#### करते हैं अभद्रता

चेक पोस्ट में पैसे नहीं देने पर प्राइवेट कर्मचारी अभद्रता करने से भी कोई गुरेज नहीं करते। पूर्व में स्थानीय विधायक एवं ट्रांसपोर्ट संघ के द्वारा भी परिवहन मंत्री से लेकर स्थानीय थाना तक शिकायत की गई लेकिन कार्यवाही नही हो सकी। स्थानीय वाहन चालकों द्वारा डोला सहित आसपास लगे चेक पोस्टों में प्रतिदिन हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की गई है।

# केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध- श्री जायसवाल

### राज्यमंत्री ने 11 करोड़ 75 लाख का जलसार का भूमि पूजन कर किया शुभारंभ

अनूपपुर।



मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हमारी केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। डबल इंजन की सरकार ने तय किया है कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि कहीं पर बेरोजगारी ना रहे, सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की समस्या ना हो, इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोयला से लोगों को रोजगार मिला तथा जिले के कोतमा, बिजुरी, सहित अन्य आसपास के क्षेत्रों के लोगों का जीवन स्तर उठा। सरकार की नीति और नियत के कारण उद्योग में प्रगति हुई है। गांव-गांव में शासन की विभिन्न योजनाओ व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समृद्धि बढ़ रही है। दिलीप जायसवाल आज मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल द्वारा औद्योगिक क्षेत्र जलसार (बिजुरी) में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनपद पंचायत कोतमा के अध्यक्ष जीवन सिंह, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोतमा अजीत तिर्की, जिला पंचायत सदस्य राम जी रिन्कू मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद्र यादव, जनपद पंचायत कोतमा के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता हनुमान गर्ग, ग्राम पंचायत बेनीबहरा के सरपंच राजेन्द्र सिंह पाव, नगर परिषद बनगवां के अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नगर परिषद डोला के उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी तथा नायब तहसीलदार राजेन्द्र पनिका, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यकारी संचालक यू. के. तिवारी, कार्यपालन यंत्री के.के. गर्ग, जनपद पंचायत कोतमा के सीईओ लाल बहादुर वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी व स्थानीय नागरिकगण, महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि शासन जो सुविधा दे रही है, उसका हम सदुपयोग करें। जिससे हमें उस योजना का लंबे समय तक लाभ मिल सके। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का विशेष ध्यान रखने की बात कही। दिलीप जायसवाल ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग एवं खादी बोर्ड विभाग द्वारा स्वरोजगार हेतु 50 लाख रुपए तक का ऋण मुहैया कराया जाता है, उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हितग्राहियों को 35 प्रतिशत तथा सामान्य जाति के हितग्राहियों को 30 प्रतिशत सरकार द्वारा सब्सिडी मुहैया कराई जाती है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री ने कहा कि रोजगार मांगने वाला नहीं, हमें रोजगार देने वाला बनना है। लोग आत्मनिर्भर हो, आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2003 से पहले बेहतर सड़क की व्यवस्था नहीं रहती थी। हाईवे में गड्ढे हुआ करते थे लोग सड़क से नहीं उसके बगल से चला करते थे। हमारी सरकार डबल इंजन की सरकार है यहां सड़क, बिजली, पानी सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ होगा। यहां जो भी प्लांट कटेगा उसे हम लीज में देंगे, बहुत कम पैसे में देंगे। उद्योग के लिए सभी व्यवस्थाएं सुलभ कराई जाएगी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यकारी संचालक यू.के. तिवारी ने कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र जलसार (बिजुरी) के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत 40 हेक्टेयर क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा तथा द्वितीय चरण में 25 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक विकास के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट की लागत 11.75 करोड़ होगी, जिसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के सड़क, बिजली, पानी आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु 115 नग स्वचालित स्ट्रीट लाईट लगाई जाएगी। पर्यावरण की दृष्टि से सड़कों के किनारे 500 पौधे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निवेश प्रोत्साहन एवं रोजगार संवर्धन के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र जलसार (बिजुरी) में लगभग 110 इकाईयां 1200 करोड़ के निवेश से स्थापित होंगी। जिससे 2200 स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# हाथियों को जिले से बाहर करने के लिए पश्चिम बंगाल से पहुंचा 14 सदस्यीय दल



#### स्थल का किया निरीक्षण

अनूपपुर।

16 दिनों से छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही से चलकर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र की सीमा में पहुंचे दो नर हाथियों का दल दिन में जंगलों में विश्राम करने बाद देर शाम एवं रात होने पर जंगल के आसपास स्थित ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के घर, खेत एवं बाड़ी में लगे एवं रखे विभिन्न तरह के अनाजों, सब्जियों को अपना आहार निरंतर बना रहे हैं जिससे ग्रामीण परेशान हैं। वही एक बार फिर से हाथियों के निरंतर विचरण से जिला प्रशासन एवं वन विभाग भी चिंतित है जिसे गंभीरता से देखते हुए मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग एवं प्रशासन के निर्देश पर पश्चिम बंगाल से हाथियों पर काम करने वाले 14 सदस्यी दल को बुलाया गया है, जो रविवार की सुबह जैतहरी पहुंचकर रविवार को वन परिक्षेत्र अनूपपुर एवं जैतहरी के सीमा क्षेत्र में विश्राम एवं विचरण कर रहे हाथियों के स्थल कक्ष क्रमांक 358, 357 एवं 302 में निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेते हुए आगे की रणनीति तैयार की जा रही है। हाथियों को जिले से बाहर करने के लिए उपयोग में लाए जाने वाली सामग्रियों की तैयारी वन विभाग के अधिकारी करने में लगे हुए हैं दोनों हाथी शनिवार को पूरे दिन गोवरी बीट के कक्ष क्रमांक 302 ठाकुरबाबा के पास विश्राम करने बाद देर शाम जंगल से निकल कर जैतहरी राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग को जयप्रकाश अग्रवाल के क्रेशर के पास से एवं डियो राड के पास मुख्य मार्ग पार करते हुए कक्ष क्रमांक 303 में लगे बांस प्लान्टेशन में देर रात तक बांस की टहनियों को अपना आहार बनाते हुए देर रात गोबरार नाला तिपान नदी पार कर नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 15 बगहा कघरा में एक किसान के खेत के पास पहुंचे ग्रामीणों द्वारा भगाए जाने पर दोनों हाथी फिर से तिपान नदी पार कर झाईलाल के हंसियानाला के चौधरी मोहल्ला के पास से विचरण करते हुए ग्राम पंचायत गोबरी के बैगान टोला में दो ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे अनाज को अपना आहार बनाते हुए एक किसान के खेत में लगे अनाज एवं सब्जियों को खाकर ग्राम पंचायत भवन गोवरी के मुख्य मार्ग पारकर ग्राम पंचायत गौरेला के बंधियाटोला, राजामचान होकर रविवार की सुबह होते ही वन परिक्षेत्र एवं थाना अनूपपुर के केकरपानी गांव के दुराही जंगल पी,एफ, 258, 357 में पहुंचकर कुछ देर विश्राम करने बाद ग्राम पंचायत पगना के बांकाटोला से कुदुरझोरी नाला पार कर गोबरी बीट के कक्ष क्रमांक 302 ठेंगरहा के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं हाथियों के इस दल को जिले से बाहर किए जाने के लिए वन विभाग द्वारा पश्चिम बंगाल से आए दल के साथ पूरी तैयारी कर ली है जिनका ऑपरेशन जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा जिससे एक बार फिर से हाथियों का दल को अपने पूर्व स्थल छत्तीसगढ़ की ओर भेजने की कोशिश की जायेगी।

## सुरक्षात्मक उपाय अपनाने सीएमएचओ की अपील

### आकाशीय बिजली से पीड़ित को तत्काल उपलब्ध कराएं स्वास्थ्य सुविधाएं

**अनूपपुर।** जन समुदाय को आकाशीय बिजली/वज्रपात आदि आपदाओं से बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया ने बताया है कि बिजली/वज्रपात पीड़ति को सीधे स्ट्राइक करता है, जिससे स्थिति अत्यंत घातक होती है, जिससे सीधे चोट पहुंचती है। उन्होंने कहा है कि आकाशीय बिजली से पीड़ति व्यक्ति को तत्काल जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता हेतु शासकीय चिकित्सालयों अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, एएनएम या सीएचओ से सम्पर्क कर मदद लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शासकीय अस्पतालों में आकाशीय बिजली, प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों हेतु आपातकालीन सेवा की व्यवस्था बनाई गई है। साथ ही बहु-उद्देशीय कार्यकतार्ओं, आशा कार्यकतार्ओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ ने नागरिकों से आकाशीय बिजली/वज्रपात से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए खेतों, औद्योगिक स्थान, लोडिंग और अनलोडिंग जैसे निर्माण और सामग्री हैण्डलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से ऊंची, नुकीली संरचनाओं और पेड़ों पर वज्रपात की अधिक संभावना होती है। एक ही स्थल पर कई बार वज्रपात हो सकता है। इसलिए आकाशीय बिजली लक्षित होने पर ऐसी संरचनाओं से दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि आकाशीय बिजली/वज्रपात वर्ष के किसी भी समय गिर सकती है। परन्तु मानसून के पूर्व जून-जुलाई में आमतौर पर ऐसी घटनाएं अधिक होती हैं। उन्होंने बताया है कि दोपहर और सायंकाल के मध्य आकाशीय बिजली/वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी गई है। उन्होंने नागरिकों से सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में कहा है कि बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक के समस्त उपकरणों के सम्पर्क से दूरी बनाएं तथा इन्हें पॉवर प्लग से पृथक करें तथा मुख्य सप्लाई से बिजली का प्रवाह नही हो पाए। घरेलू अथवा कार्यालयीन समस्त विद्युत उपकरणों अथवा विद्युत आउटलेट से जुड़ी किसी भी चीज का उपयोग न करें। बिजली का प्रवाह किसी भी इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और कांक्रीट की दीवारों, फर्श में धातु के तारों के माध्यम से हो सकती है। अतः घर, कार्यालय का अर्थिंग होना आवश्यक है। सीएमएचओ ने वज्रपात के दौरान साईकल, दो पहिया वाहन अथवा अन्य वाहनों से उतरकर किसी सुरक्षित भवन आदि में संरक्षण लेने की अपील नागरिकों से करते हुए कहा है कि आकाशीय बिजली/वज्रपात के गर्जन सुनाई देने के पश्चात न्यूनतम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान का संरक्षण लेना चाहिए।